### पति, सास ,ससुर सहित ससुराल पक्ष के अन्य लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज

# बुलेट के लिए दहेज दानवों की भेंट चढ़ी बाघमारा बक्सपुरा की काजल



संवाददाता । कतरास

बाघमारा बक्सपुरा निवासी अनंत लाल पाण्डेय की विवाहिता पुत्री काजल देवी की मौत उसके ससुराल बोकारो चंदनकियारी के केहरडीह में संदेहास्पद स्थिति में हो गई.मृतका की मां ने काजल के पति, ससुर, सास सहित ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज के लिए मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाते हुए चंदनकियारी बरमसिया ओपी में शिकायत दर्ज की है. शिकायत के आलोक में पुलिस ने दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है.साथ ही पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है.मृतका की मां अलका देवी ने अपनी शिकायत में लिखा है कि काजल का विवाह वर्ष 2018 को बड़े धूमधाम से चंदनकियारी केहरडीह निवासी कृष्ण देव पाण्डेय के पुत्र जगदीश पाण्डेय से किया था.शादी में दहेज के रूप में नगद तीन लाख 51 हजार रुपए तथा एक ग्लैमर गाड़ी दी गई थी.शादी के कुछ समय बाद से ही पति, सास, ससुर सहित ससुराल पक्ष के लोगों ने हमारी पुत्री काजल देवी के साथ मारपीट कर उसे दहेज के रूप में दो लाख और एक बुलेट मोटरसाइकिल की मांग करने लगे .इस बात को लेकर कई बार समाजिक बैठक कर सुलह कराई गई. बावजूद ससुराल पक्ष का प्रताड़ना की जा रही थी. अतिरिक्त दहेज देने में असमर्थ रहने के कारण हम अपनी पुत्री को समझ बुझा कर ससुराल में रहने को कहा. लेकिन बराबर मेरी पुत्री को दहेज के लिए मारपीट की जाती थी अंततः दहेज नहीं मिलने पर हमारी पुत्री को साजिश के तहत जान से मार दिया गया. अलका देवी द्वारा लिखित शिकायत में यह आरोप लगाया गया है कि पति जगदीश पांडे, ससुर कृष्ण देव पांडे, देवर रंजीत पांडे व अशोक पांडे, सास महेश्वरी देवी द्वारा मेरी पुत्री काजल की हत्या की गई है.

### सिविल कोर्ट के जजों व न्यायिक पदाधिकारियों ने किया रक्तदान

# वक्त का हर क्षण व रक्त का हर कण अनमोल : प्रधान जिला जज

संवाददाता । धनबाद





धनबाद जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) की ओर से सिविल कोर्ट परिसर स्थित लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल कार्यालय में शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. इस दौरान मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा के अध्यक्ष राम शर्मा ने कहा कि वक्त का हर क्षण और रक्त का हर कण अनमोल है. रक्तदान महान कार्य है. रक्तदान कर आप किसी की जान बचा सकते हैं. सामाजिक कार्यों में इससे श्रेष्ठ कोई दान नहीं होता. वहीं अवर न्यायाधीश नितासा बरला ने कहा कि डालसा मुफ्त कानूनी सहायता सहित अन्य सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती है. रक्तदान शिविर इसी की कड़ी है.

**26 यूनिट रक्त संग्रह :** शिविर में जजों समेत 12 न्यायिक पदाधिकारियों, आठ अभियोजन पदाधिकारी, काउंसिल के सदस्यों ने रक्तदान किया. कुल 26 यूनिट रक्त संग्रह हुआ. सबसे पहले जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुलदीप मान ने रक्तदान किया. रक्तदान करने वालों में अवर न्यायाधीश निताशा बरला, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी पूजा पांडे, अपर लोक अभियोजक समित प्रकाश, उनकी पत्नी मिनल प्रकाश, उमेश दीक्षित, जयकुमार रवानी, सौरव सरकार, अभिजीत कुमार साधु, पंकज कुमार श्रीवास्तव, श्रीचंद प्रसाद, संदीप कुमार, अरुण कुमार, रघुनाथ महतो, सुमन पाठक, शैलेन्द्र झा, नीरज गोयल, मुस्कान चोपड़ा, स्वाति कुमारी, हेमराज चौहान, जयदेव बनर्जी, चंदन कुमार, प्रदीप कुमार सिन्हा, शमशेर आलम, अनूप कुमार, अशोक कुमार शामिल हैं. मौके पर अवर न्यायालय मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला, अवर न्यायाधीश एंजेलिना जॉन,अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी पूनम कुमारी, रजिस्ट्रार अभिनव त्रिपाठी, एसएनएमसीएच के डॉ. बीके पांडे समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे.

### चुनाव को लेकर डीसी ने किया बूथों का निरीक्षण

**कतरास।** लोकसभा चुनाव को लेकर शनिवार को डीसी माधवी मिश्रा ने मध्य विद्यालय अंगारपथरा के बूथ का निरीक्षण किया. जहां मतदान कर्मियों तथा मतदाताओं की समस्या की जानकारी ली. उन्होंने बीडीओ डॉ. सुषमा आनंद, सीओ रवि भूषण प्रसाद से न सिर्फ मतदान केंद्र पर समस्या का समाधान कराने बल्कि मतदान का प्रतिशत अधिक से अधिक बढ़े इस दिशा में लगातार बैठक करने का निर्देश दिया. ओपी प्रभारी वीडी विधाता से सीसीए में भेजे गए अपराधियों के नाम को ठीक से भेजने की बातें कही. उन्होंने बूथ पर पानी, बिजली,शेड, सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराने की बातें कही. उन्होंने कहा कि वैसे लोगों के नाम अगले चुनाव में हटा दें जो मतदान करने नहीं आते हैं. वे लोग सिर्फ सरकारी सुविधा लेते हैं. जो लोग दूसरे प्रदेशों में रहते हैं और सिर्फ सरकारी सुविधा ले रहे हैं उनका नाम आखिर मतदाता सूची में क्यों रहेगा. डीसीएलआर संतोष गुप्ता, बीडीओ बाघमारा डॉ. सुषमा आनंद,सीओ रवि भूषण प्रसाद शामिल थे.

### कांग्रेस प्रत्याशी ने धनबाद व निरसा में कई जगहों में किया जनसंपर्क



**धनबाद।** धनबाद लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने शनिवार को धनबाद एवं निरसा में जगह जगह जनसंपर्क किया . कांग्रेस प्रत्याशी का युद्ध स्तर पर जनसंपर्क जारी है. इस क्रम में सबसे पहले उन्होंने मटकुरिया गोलीकांड में शहीद वेदी पर श्रद्धांजलि अर्पित किया . इसके बाद पुटकी में प्रभु महतो चौक पर स्वागत समारोह किया गया. साढ़े ग्यारह बजे धनबाद प्रखंड के भागाबांध बस्ती एवं कसियाटांड़ बस्ती में जनसंपर्क किया. दोपहर दो बजे केंदुआडीह बस्ती, लोहारगोडा बस्ती पेटिया, पोस्ट ऑफिस एवं बसीर मोड़ में जनसंपर्क एवं नुक्कड़ सभा की . शाम के चार बजे निरसा प्रखंड के बेलडांगा एमपीएल गेट के समीप बैठक एवं जनसंपर्क किया . इसके बाद निरसा में हीं तिलतोड़िया भागवत यज्ञ में शामिल हुई एवं कुवारडीह बेलचट्टी में जनसंपर्क की . शाम के साढ़े छह बजे धनबाद के भुईफोड़ मंदिर के समीप अपनो घर सोसाइटी में जनसंपर्क किया.

### मथुरा प्रसाद ने टॉपर छात्रों को किया सम्मानित



**महुदा ।** एमजीएम पब्लिक स्कूल चरकीटांड़ महुदा के जैक बोर्ड वर्ष 2024 के मैट्रिक में अव्वल अंकों से सफल छात्र छात्राओं को टुंडी विद्यायक सह झामुमो गिरिडीह लोकसभा प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो ने सम्मानित किया.विद्यालय में टॉपर रहे प्रथम छात्रा रिया कुमारी ( 91.80 प्रतिशत), ,दूसरे स्थान पर निखिल कुमार महतो (88.80 प्रतिशत) एवं तीसरे स्थान पर सुभम कुमार महतो ( 87.40 प्रतिशत) को पुरस्कार देकर एवं मिठाई खिलाकर उनके मनोबल को बढ़ाया. साथ ही सभी सफल छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की. मौके पर अजय कुमार सचिव, प्रेम कुमार महतो प्रधानाध्यापक, शिक्षक अनुज कुमार महतो, समीम अंसारी, अनिल पाण्डेय, ठाकुर प्रसाद महतो,सतेंद्र महतो, रिंकु चौधरी, भारती कुमारी, लीलू, संगीता, पूजा, गीता सभी शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा.

### एक मई को जगदीश रवानी करेंगे नामांकन

**धनबाद।** मार्क्सवादी युवा मोर्चा की बैठक भूली ए ब्लॉक में अरविंद तिवारी का अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक में मुख्य रूप से मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो उपस्थित थे. बैठक को सम्बोधित करते हुए पवन महतो ने कहा कि मायुमो के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश रवानी एक मई को धनबाद लोकसभा से मासस प्रत्याशी के रूप में नामांकन करेंगे. धनबाद लोक सभा से जगदीश रवानी की जीत के लिए मायुमो कार्यकर्ता तन मन धन से लग जाए.

# सीम के री ओपनिंग से मजदूरों में खुशी का माहौल

संवाददाता । पुटकी



मुनीडीह की 15 नंबर भूमिगत सीम का ढुल्लू ने किया उद्घाटन

बीसीसीएल का ड्रीम प्रोजेक्ट मुनीडीह इंदु कम्पनी के भूमिगत 15 नम्बर सीम का भाजपा विधायक व लोक सभा प्रत्याशी ढूलू महतो ने शनिवार को नारियल फोड़कर री ओपनिंग किया. खदान तीन महीने से बंद था. विधायक ने मोनो रेल के निकट पहला नारियल फोड़ते ही अन्य मजदूरों ने खुशी में कई नारियल फोड़े और खुशी का इजहार किया. कम्पनी के जीएम सुरेश बी अमूलवार ने विधायक का स्वागत किया. जियोलॉजिकल प्रॉब्लम के कारण 24 जनवरी से इंदु कम्पनी ने खदान की सभी गतिविधियां की बंद कर दी थी. बीसीसीएल से नया रेट रिवाइज करने का पत्र लिखा था. खदान बंद होने से 400 मजदूर अचानक बेरोजगार हो गए थे. सभी मजदूर आंदोलन पर उतर आए. सांसद पीएन सिंह,विधायक राज सिन्हा, ढुल्लू महतो,अमर बाउरी भी आंदोलनकारियों के पक्ष में उतरे और सीएमडी से मिले. कम्पनी के एचआर आर के शर्मा ने कहा कि खदान में जीओलॉजिकल प्रॉब्लम होने से लगातार चाल गिरने की घटना हो रही थी. इसके चलते कम्पनी को काम बंद करने पर विवश होना पड़ा, क्योंकि खर्च ज्यादा हो रहा था. बीसीसीएल की बोर्ड ने बैठक कर नई नीति बनाई है. पत्र आने के बाद नीति की जानकारी मिलेगी. इधर खदान को चालू किया जा रहा है. मजदूरों को धीरे धीरे काम में समाहित किया जाएगा. मौके पर समशिखरा पंचायत के मुखिया चक्रधर महतो,अजीत सिंह, अरुण महतो, दिनेश सिंह,दीपक महतो,पंकज सिंह,उमेश महतो,राहुल सिंह,बबलू महतो,राकेश सिंह रामदेव महतो,संतोष सिंह,दिनेश ओझा, रमेश महतो मौजूद थे.

### डीसी ने धनबाद लोकसभा के विभिन्न बूथों का किया निरीक्षण

# बूथों में एएमएफ की व्यवस्था सुदृढ़ करने के दिए निर्देश

संवाददाता । धनबाद



**खास बातें**

- पानी, बिजली व अन्य सुविधाएं दुरुस्त करने का निर्देश
- लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने को कहा

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने शनिवार को धनबाद लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने बूथ पर एएमएफ की व्यवस्थाओं की जानकारी संबंधित एआरओ से प्राप्त की. इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने धनबाद विधानसभा क्षेत्र स्थित पांडरपाला के बूथ नंबर 58,59,60 एवं 61 टुंडी विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 71, 368 एवं 369 एवं बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 280 एवं 268 का निरीक्षण कर एएमएफ की व्यवस्था का जायजा लिया. निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने जिन-जिन बूथ में एएमएफ की व्यवस्था में कमी नजर आई वैसे बूथों के पदाधिकारी को ससमय पीने योग्य पानी, शौचालय, बिजली, रैंप, शेड आदि की व्यवस्था हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए. जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान वल्नरेबल बूथ के मतदाताओं से वार्ता की और कहा कि लोगों को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करें तभी लोकतंत्र मजबूत होगा. निर्भीक होकर मतदान करें, किसी के बहकावे में न आएं. जिला प्रशासन एवं पुलिस आप सभी के साथ हैं, इसलिए बिना किसी डर, दबाव, प्रलोभन के अपने मत का प्रयोग करें. मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह संबंधित क्षेत्र के बीडीओ, समेत बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर मौजूद रहे.

### धनबाद के लिए 29 को होगी अधिसूचना जारी

**धनबाद ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से लोकसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए 63 स्टैटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) का गठन किया है. इसमें धनबाद, झरिया व बाघमारा में 12 - 12 तथा सिंदरी, निरसा एवं टुंडी विधानसभा क्षेत्र में 9 - 9 टीम तीन शिफ्ट में चौबीसों घंटे कार्यरत रहेगी. एसएसटी टीम अपने क्षेत्र में अवैद्य शराब, रिश्वत की वस्तु, भारी मात्रा में नगदी, हथियार एवं गोला-बारूद को लाने एवं ले जाने तथा असामाजिक तत्वों की आवाजाही पर नजर रखेगी. एसएसटी के वरीय प्रभार में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद व अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक नोडल पदाधिकारी रहेंगे. जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि धनबाद में 29 अप्रैल को अधिसूचना जारी की जाएगी. नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 6 मई, 7 मई को नामांकन पत्रों की स्क्रुटनी तथा 9 मई को नाम वापस लेने की अंतिम तिथि रहेगी. 25 मई को मतदान, 4 जून को मतगणना तथा 6 जून को चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी.

# ढांगी पहाड़ के जंगल में आग को बुझाने में जुटे बच्चे और बड़े

संवाददाता । धनबाद



जिले के ढांगी पहाड़ पर पिछले पांच दिनों से लगी आग ने स्थानीय लोगों को बड़ी परेशानी में डाल दिया है. इस अवस्था में वन विभाग या सरकारी अधिकारियों की कोई सहायता नहीं मिलने से ग्रामीण समुदाय को आग को बुझाने में स्वयं ही संघर्ष करना पड़ रहा है. गांव वालों ने इस संकट का सामना करते हुए अपने जीवन की जोखिम में उतरकर, बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने आग को बुझाने का प्रयास किया है. हालांकि, आग की भयंकरता के कारण इसे पूरी तरह से नियंत्रित करना ग्रामीणों के लिए टेढ़ी खीर है. गांव के लोगों ने अपनी मुश्किल को स्वतंत्र रूप से सुलझाने की कोशिश की है. लेकिन उन्हें जिला प्रशासन से कोई सहायता नहीं मिली है.

**एनजीओ की टीम के बावजूद ग्रामीणों को करना पड़ रहा प्रयास :** ढांगी पहाड़ पर लगी आग पर काबू पाने के लिए वन विभाग ने एनजीओ से मदद मांगी है . शुक्रवार की रात ही अभिषेक एंड ग्रुप नामक एनजीओ की टीम धनबाद पहुंच गई है . वन विभाग के अधिकारी ने बताया कि इस टीम में 23 सदस्य हैं और पहाड़ पर लगी आग को बुझाने में एक्सपर्ट है. इसके बावजूद शनिवार को स्थानीय बच्चों से लेकर बड़ों तक को आग बुझाने में लगना पड़ा है.

### ब्रीफ खबरें

### आंगनबाड़ी केंद्र से सोलर प्लेट की चोरी

**गोमो ।** तोपचांची थाना क्षेत्र के रामाकुंडा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में लगे सोलर प्लेटों की चोरों ने चोरी कर ली. घटना शुक्रवार की रात की बताई जाती है. शनिवार की सुबह ग्रामीणों की नजर आंगनबाड़ी केंद्र पर पड़ी, तो सोलर प्लेट गायब मिले. उन्होंने इसकी सूचना सेविका व पंचायत के मुखिया को दी. सेविका संगीता कुमारी ने आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचकर स्वयं खोजबीन की और तोपचांची थाना में सोलर प्लेट चोरी की लिखित शिकायत की. चोरी गए सोलर प्लेट की कीमत करीब 60 हजार रुपए बताई जा रही है.

### लोक अदालत में 856 विवादों का निपटारा

**धनबाद ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा के निर्देश पर शनिवार को सिविल कोर्ट धनबाद में स्पेशल लोक अदालत का आयोजन किया गया. इस बाबत जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा निताशा बारला ने बताया कि एनआई एक्ट के स्पेशल लोक अदालत में कुल 122 वादों का निपटारा हुआ तथा 1 करोड़ 26 लाख 58 हजार 30 रुपया की रिकवरी की गई. वहीं बिजली के स्पेशल लोक अदालत में 672 वादों का निपटारा किया गया.

### आशीष मिश्रा की मनाई गई पुण्यतिथि

**महुदा।** जिला साक्षरता वाहिनी धनबाद के सदस्य, स्वास्थ्य कर्मी एवं पंचायत समिति सदस्य स्व. आशीष मिश्रा की तृतीय पुण्य तिथि मनाई गई. इस दौरान पीके मिश्रा मध्य विद्यालय बेलाखोंदा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. सर्वप्रथम स्व. मिश्रा की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर विद्यालय के छात्रों, शिक्षकों व क्षेत्र के गण्यमान्य लोगों ने श्रद्धांजलि दी. मौके पर उनकी धर्मपत्नी रेखा निका, प्रखंड साक्षरता समन्वयक भागीरथ सिंह, बिनोद महतो , मुमताज अंसारी, राधु राय, ऐनुल अंसारी मौजूद थे.

### कांग्रेस ने मनाई मटकुरिया गोलीकांड की बरसी

**धनबाद ।** धनबाद के चर्चित मटकुरिया गोलीकांड की बरसी मनाई. इस दौरान मटकुरिया में बनाई गई वेदी पर कांग्रेस नेताओं ने फूल माला से श्रद्धांजलि दी. कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह, बेरमो विधायक अनुप सिंह ने सुबह श्रद्धांजलि दी. इसके अलावा यहां दिन भर श्रद्धांजलि देने का दौर चलता रहा. जयप्रकाश चौहान, योगेंद्र योगी, राशिद रजा अंसारी, रमाधार यादव, डबलू दास, सतपाल सिंह ब्रोका मौजूद थे. बताते चलें कि वर्ष 2011 में हाईकोर्ट के निर्देश पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया था.

### बगुला बस्ती में जमीन विवाद में हुई मारपीट

**धनबाद।** सरायढेला थाना क्षेत्र के बगुला बस्ती में शनिवार को जमीन विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई. आरोप है कि मोती लाल गोप की पुस्तैनी जमीन पर राजेन्द्र गोप, सामसुंदर गोप, अनिल गोप, सुदर्शन गोप, प्रकाश गोप, अरूण गोप, करूण गोप द्वारा जबरन चार दीवारी निर्माण किया जा रहा था. निर्माण कार्य रोकने गए मोतीलाल गोप पर इन लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया. इस कारण मोतीलाल गोप बुरी तरह जख्मी हो गया. इन्हें गंभीर चोट लगी है. जख्मी को पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है.

**पांचवा दिन**

### निरसा में तिलतोड़िया गांव में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ

# सत्संग से कल्याण होता है : देवकीनंदन ठाकुर

संवाददाता । निरसा



निरसा तिलतोड़िया गांव में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन शुक्रवार देर शाम को वृंदावन से पधारे कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर महाराज ने विश्व शांति के लिए प्रार्थना के साथ प्रवचन की शुरुआत की. कथा के दौरान बालकृष्ण की झांकी भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र रही. बालकृष्ण के साथ भक्तों ने जमकर नाचते- झूमते हुए राधे कृष्ण के जयकारे लगाए. आचार्य देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि मनुष्य को हमेशा सत्संग सुनना चाहिए. सत्संग को सुनने से मनुष्य का कल्याण होता है. भगवान का नाम रोज लेने से मनुष्य का कल्याण हो जाता है, जो भी मनुष्य सच्चे मन से भगवान का जाप और नाम नहीं लेता है. उस मनुष्य का कभी भी कल्याण नहीं हो सकता है. हर मनुष्य को भगवान श्री कृष्णा की पूजा करनी चाहिए.

**अपने मित्र की रक्षा करें :** कथा में आगे देवकीनंदन ठाकुर महाराज जी ने कहा कि समाज में मित्र का दुश्मन मित्र ही बन रहा है. आज मनुष्य अपने स्वार्थ के लिए अपने मित्र की ही हत्या कर देता है. रामायण में भी कहा गया है कि जो लोग अपने मित्र का दुख देखकर दुखी नहीं होते, ऐसे लोगों को देखने से पाप लगता है. मित्र का धर्म होता है कि अगर उसका मित्र संकट में है तो अपने मित्र की रक्षा करें. भगवान श्री कृष्णा अपने भक्तों की रक्षा हमेशा करते हैं. मनुष्य को अपने हर कार्य को समय पर करना चाहिए। काम से फुर्सत मिलने पर मनुष्य को भगवान की भक्ति करनी चाहिए. जिससे उसे कल्याण हो सके. कार्यक्रम को सफल बनाने में तिलतोड़िया गांव के सभी भक्त मंडली की अहम भूमिका रही.

# पुटकी में तीन लाख रुपए की चोरी,जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता । पुटकी



स्वामी विवेकानन्द नगर पुटकी स्थित राजनन्दन रजक उर्फ शेरू के घर से अपराधियों ने रात करीब तीन बजे तीन लाख रुपये नगद चोरी कर ली. घर वाले गहरी नींद से सोते रहे व अपराधी कमरे की आलमारी खोल सारे सामान को बिखेर दिया और नगद तीन लाख रुपए चुराकर चंपत हो गए. एक दिन पूर्व ही शेरू ने बैंक ऑफ इंडिया से 90 हजार रुपया निकाले थे.एक अन्य लाभुक ने 30 हजार रुपया सुरक्षा के लिहाज से उन्हें रखने को दिए थे. अन्य रकम पंचायत के विकास योजना की सामग्री के भुगतान की थी. शेरू सियालगुदरी पंचायत के मुखिया के विकास योजनाओं की देखरेख करते हैं. रात में पड़ोस के घर में शादी थी.सभी उसमें व्यस्त थे. पार्टी से लौट गहरी नींद में सो गए. छत का उतरने का दरवाजा खुला रह गया. इसका फायदा उठाकर चोर नीचे उतरे और कमरे में दाखिल हो गए. सुबह साढ़े पांच बजे नींद खुलने पर घर मे सामान बिखरा पड़ा देख चोरी से अवगत हुए. सूचना पाकर पुटकी पुलिस ने घटनास्थल की जांच की. खबर पाकर चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष हीरालाल शर्मा ,मुखिया प्रतिनिधि व अन्य लोग भी पहुंचे.

### सड़क हादसे में युवक गंभीर रुप से घायल

**तोपचांची ।** शनिवार को तोपचांची थाना क्षेत्र अंतर्गत मदैयडीह स्थित एनएच किनारे में ईख जूस बेच रहे युवक को तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार ने जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर में युवक को गंभीर चोट आई है. गंभीर रुप से जख्मी युवक की शिनाख्त बेलमी निवासी अभिजीत कुमार महतो के रुप में की गई है. बताया गया कि स्विफ्ट डिजायर कार बिहार के औरंगाबाद से धनबाद के तेतूलमारी जा रही थी. कार के अंदर एक युवती व तीन युवक सवार थे. चश्मदीदों ने बताया कि कार में युवक युवती के साथ अश्लील हरकतें कर रहे थे. ध्यान भटकने के कारण युवक ने एनएच किनारे जूस बेच रहे युवक को जोरदार टक्कर मार दी. गाड़ी में नशीले पदार्थ के बोतल, गर्भ निरोधक मिले हैं.

### मनसाडीह के टिकुलिया में बगैर डोभा निर्माण के 70 प्रतिशत राशि निकासी का मामला

# मनरेगाकर्मियों ने घुमाई जादुई छड़ी, रातों-रात हुआ डोभे का निर्माण



शुभम संदेश इंपैक्ट

रोहित भारती ।तिसरी/गिरिडीह

वैसे तो मनरेगा योजनाओं से संबंधित लूट और गड़बड़झाले की बातें सामने आती रहती हैं. विभाग द्वारा इन मामलों की जांच भी की जाती रही हैं. बावजूद मनरेगा में गड़बड़ी और अनियमितताएं बंद होने का नाम ही नहीं ले रही. ऐसा ही मामला तिसरी प्रखंड के मनसाडीह पंचायत से आया है. जहां बगैर डोभा निर्माण के 70 प्रतिशत राशि की निकासी कर ली जाती है और खबर प्रकाशित होने के दो दिनों में ही डोभा बनकर तैयार हो जाता है. दरअसल मनरेगा योजना 2022-23 के तहत मनसाडीह पंचायत के टिकुलिया में सीताराम सोरेन (पिता कान्हू सोरेन) की जमीन पर डोभा निर्माण कार्य किया जाना था. लेकिन उक्त स्थल पर केवल आधा टूटा हुआ योजना से जुड़ा बोर्ड लगा था. उसके आस - पास कहीं भी निर्माण कार्य नहीं किया गया था. जबकि इसमें 128520 रुपए की भारी - भरकम राशि की निकासी कर ली गई थी. इस मामले को हिंदी दैनिक अखबार शुभम संदेश ने 24 अप्रैल के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था. इसके बाद संबंधित कर्मचारियों और बिचौलियों ने ऐसी जादू की छड़ी घुमाई कि उक्त स्थल से कुछ ही दूर पर रातों - रात डोभा का निर्माण हो गया. साथ ही पुराने बोर्ड को पूरी तरह तोड़कर नया बोर्ड भी लगा दिया गया. अब सवाल यह है कि बगैर डोभा निर्माण के उतनी बड़ी राशि की निकासी आखिर कैसे कर ली गई थी. तुरंत डोभा कैसे अवतरित हो गया. बहरहाल इन मामलों को देखकर यही लगता है कि मनरेगा योजनाओं में भ्रष्टाचार व अनियमितताएं चरमबद्ध तरीके से काबिज है. विभाग द्वारा ठोस कार्रवाई के अभाव में यह योजना केवल चंद लोगों की जेब भरने के ही काम आ रही है. इधर मामले की जांच करने आई मनरेगा लोकपाल तम्मना प्रवीण से फोन के माध्यम से सम्पर्क करने का प्रयास किया गया. लेकिन उनसे बात नहीं हो पाई.

## ब्रीफ खबरें

### अतीक की पालिटेक्निक इंट्रेंस परीक्षा में 127वीं रेंक



**जमुआ /गिरिडीह ।** पालिटेक्निक इंट्रेंस परीक्षा में जमुआ के चितरडीह निवासी मो आतिफ ने 127वां रेंक हासिल कर अपने माता पिता एवं प्रखंड का नाम रौशन किया. जानकारी के अनुसार मो इम्तियाज अंसारी के पुत्र मो आतिफ इरफ़ान ने पालिटेक्निक इंट्रेंस परीक्षा में बीसी वन कैटेगरी में 127वां रैंक हासिल करके पूरे क्षेत्र का नाम रौशन किया है.पालिटेक्निक इंट्रेंस परीक्षा में कुल चालीस हजार विद्यार्थी शामिल हुए थे. इस सफलता का श्रेय मो आतिफ ने अपने माता नुशरत बानो, पिता मो इम्तियाज अंसारी, चाचा मो आफताब परवेज सहित पूरे परिवार को दिया है.

### डीएवी स्कूल में ओपन टैलेंट हंट शो प्रतियोगिता

**बोकारो ।** बोकारो के सेक्टर छह स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में शनिवार को विद्यालय के सभागार में बाल वाटिका द्वारा रैंप वॉक व ओपन टैलेंट हंट कार्यक्रम के तहत नन्हें मुन्ने बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए तीन से पांच साल तक के बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लिया. प्राचार्य बृज मोहन लाल दास एवं अभिभावकों द्वारा दीप प्रज्वलन कार्यक्रम व डीएवी गान द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत हुई.

### साइबर अपराध में नगर पुलिस ने भेजा जेल

**गोड्डा ।** साइबर अपराध में संलिप्त युवक बाबुल आनंद को नगर नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है. घटना के संबंध में बताया गया कि युवक साइबर अपराध से जुड़कर ठगी का काम कर रहा था. इस आशय की सूचना मिलने के बाद नगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ग्राम कौड़ी बहियार के बाबुल आनंद पिता नरेंद्र कुमार को गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ के बाद उनके मोबाइल रियलमी को भी जब्त कर लिया गया. बाद में पुलिस ने अपराधी को सीजेएम न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया. छापेमारी टीम में अवर निरीक्षक महावीर प्रधान ,शक्तिकांत गौरव कुमार सौरभ शामिल थे.

### मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र में भगैया चेक पोस्ट पर वाहन चेकिंग

# दो साइबर अपराधी धराए पूछताछ कर जेल भेजे गए

**खास बातें**

- एटीएम , आधार कार्ड, मोबाइल सहित अन्य दस्तावेज बरामद
- जांच के दौरान टोयोटा कोरोला कार भी जब्त की गई

संवाददाता ।साहिबगंज

शनिवार को मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत भगैया चेक पोस्ट पर वाहन जांच के दौरान दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया. यह जानकारी मिर्जाचौकी थाने में सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी. उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भगैया चेक पोस्ट पर सघन वाहन जांच चल रही थी. इसी क्रम में एक कार को रोका गया. मौके पर मजिस्ट्रेट बब्लू टुडू, एसआई विजय दूबे, अमन कुमार व गंगाराम मरांडी मौजूद थे .वहीं वाहन चेकिंग के दौरान जब पुलिस ने कार की तलाशी ली तो वाहन में सवार दो व्यक्ति पीछे रखे झोला को छुपाने का प्रयास करते दिखे . संदिग्ध दिखने पर मजिस्ट्रेट बब्लू टुडू के समक्ष दोनों को कार से उतारकर तलाशी ली गई. तलाशी के क्रम में एक झोले से कई व्यक्तियों के नाम, आधार कार्ड नम्बर के साथ 58पीस अलग अलग व्यक्तियों के डुबलीकेट क्लोन फिंगर प्रिंट, बायो मैट्रिक स्कैनर,अन्य कागजात , 36 पीस एमसील के डब्बे मिले. इसके अलावा 33 पीस स्टाम्प पैड , विभिन्न बैंकों के 10 एटीएम कार्ड , आधार कार्ड, फर्जी फिंगर प्रिंट ,स्टैंप पैड, मोबाइल फोन,कई सिम कार्ड, ब्लैंक चेक , उज्ज्वला योजना के 50 पीस फॉर्म व एक टोयोटा कोरोला कार भी जब्त की गई.



### कड़ाई से पूछने पर जुर्म स्वीकार किया

बताया गया कि गिरफ्तार साइबर अपराधियों से बरामद सामान के सम्बन्ध में पूछताछ की गई तो दोनों शुरू में कुछ भी बताने से इंकार कर रहे थे. थोड़ी कड़ाई से पूछने पर वाहन चालक बिक्की मुर्तजा खान के द्वारा प्रारंभिक पूछताछ में बताया गया की दोनों गांव में जाकर भोले भाले ग्रामीणों को उज्ज्वला योजना केवाईसी व विभिन्न सरकारी योजना के तहत ठगी का शिकार बनाते थे . मोबाइल में उपलब्ध ऐप विडकॉम एवं स्पाइसी मनी के माध्यम से उनके खाते से पैसे की निकासी कर लेते हैं. इस तरह के अवैध निकासी का बैंक से भी कोई स्टेटमेंट प्राप्त नहीं होता कि पैसा किसके खाता में गया है. जिससे हमलोग सुरक्षित रहते हैं. प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मिर्जाचौकी थाना प्रभारी रोहित कुमार, एसआई पवन यादव, एसआई राजा राम मौजुद थे व वाहन चेकिंग में शामिल मजिस्ट्रेट बब्लू टुडू, पुलिस पदाधिकारि विजय दूबे, सिपाही अमन कुमार व गंगा राम मरांडी थे. मामले को लेकर मिर्जाचौकी थाना में कांड संख्या 36/2024 दर्ज कर दोनों साइबर अपराधियों को जेल भेज दिया गया.

### एक का आपराधिक इतिहास रहा है

मामले की जानकारी मिलते ही मिर्जाचौकी थाना प्रभारी रोहित कुमार मौके पर पहुंचे. मामले की जानकारी लेने के बाद दोनों साइबर अपराधी बिक्की मुर्तजा खान ( पिता मुर्तजा खान, उम्र 35 वर्ष, माल मंडरो ठाकुरगंगटी जिला गोड्डा) और सुमन कुमार श्रीवास्तव ( पिता अखिलेश श्रीवास्तव,उम्र 28 वर्ष, फौजदारी पीरपैंती भागलपुर) को गिरफ्तार कर मिर्जाचौकी थाना लाया गया. मिर्जाचौकी थाना प्रभारी रोहित कुमार ने थाने में दोनों साइबर अपराधियों से पूछताछ की. वहीं इसमें से एक साइबर अपराधी सुमन कुमार श्रीवास्तव का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है. वह वर्ष 2023 में पीरपैंती थाना कांड संख्या 22/23 में साइबर क्राइम के तहत जेल जा चुका हैं.

# चुनाव में एक भी अल्पसंख्यक प्रत्याशी नहीं देने से लोग नाराज : हसनैन अली

संवाददाता ।गांडेय/ गिरिडीह



शनिवार को गिरिडीह युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मो. हसनैन अली ने गांडेय विधानसभा क्षेत्र के गांडेय प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में जनसंपर्क अभियान चलाया. इस दौरान उन्होंने कई गांव के स्थानीय ग्रामीणों से मिले और कहा कि झारखंड में एक भी अल्पसंख्यक उम्मीदवार को लोकसभा चुनाव में टिकट नहीं दिए जाने से लोगों में नाराजगी है.

ग्रामीणों ने जिला अध्यक्ष की गाड़ी रोककर विरोध किया और स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि झारखंड में अल्पसंख्यक समुदाय की आबादी 18 प्रतिशत है. ऐसे में एक भी अल्पसंख्यक उम्मीदवार को टिकट नहीं देना अल्पसंख्यकों के साथ सौतेला व्यवहार है. चुनाव में अल्पसंख्यकों को अगर कोई भी पार्टी उम्मीदवार नहीं बनाती है तो हम लोग किसी भी दल के नेता को अपने गांव में घुसने नहीं देंगे और दमदार तरीके से विरोध प्रदर्शन करेंगे. स्थानीय लोगों की नाराजगी के बाद जिला अध्यक्ष हसनैन अली ने कहा कि आज मैं अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान गांडेय विधानसभा के विभिन्न इलाकों में क्षेत्र भ्रमण किया. जिसमें अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों में जबरदस्त नाराजगी है. मौके पर मेहबूब अली सहित दर्जनों अल्पसंख्यक समुदाय के लोग मौजूद थे .

### वाहन से चार लाख 33 हजार 500 रु. बरामद

**साहिबगंज ।** शनिवार को उधवा प्रखंड में लोकसभा चुनाव को देखते हुए साहिबगंज जिला प्रशासन द्वारा राधानगर हाईस्कूल चौक के समीप चेकपोस्ट बनाया गया है. इस चेकपोस्ट पर शनिवार की दोपहर करीब 1.50 बजे वाहनों की जांच की जा रही थी. वाहन जांच के दौरान पुलिस ने एक चार पहिया वाहन (जेएच 05डीएच 5198) की तलाशी ली. इससे पुलिस ने चार लाख 33 हजार 500 रुपए बरामद किए. पुलिस को पता चला कि ये पैसे राजमहल के एक सीमेंट व्यवसायी के हैं. चेकपोस्ट पर तैनात मजिस्ट्रेट अब्दुल रजाक ने कहा कि आगे की कार्रवाई की जा रही है.

## सांसद व विधायक से क्षुब्ध भाजपा नेता ने इस्तीफा देने की बात कही

संवाददाता ।जमुआ /गिरिडीह



कोडरमा सांसद एवं जमुआ विधायक द्वारा पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं को तरजीह नहीं देने एवं पार्टी विरोधी कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं और नेताओं को तरजीह दिए जाने को लेकर जमुआ के कुछ नेता खासे नाराज हैं . यहां तक कि पार्टी से इस्तीफा देने के मूड में है. इसकी जानकारी जब भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को हुई तो उन्होंने भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष परमेश्वर यादव को गिरिडीह बुलाया और समझा बुझाकर पार्टी में समर्पित भाव से कार्य करने की सलाह दी . हालांकि इसकी जानकारी मिलने पर भाजपा विधायक दल के नेता अमर बाउरी ,कोडरमा लोकसभा प्रभारी विकास प्रीतम एवं जिला उपाध्यक्ष महादेव दूबे ने भी पार्टी हित में कार्य करने को कहा .

### धनबाद ले जाने के क्रम में चांदनी देवी की हुई मौत, बच्चे इलाजरत

# घर में लगी आग, मां की मौत, थानेदार ने जान पर खेलकर बचाई बच्ची की जान

संवाददाता ।गोड्डा/ मेहरमा



बलबड्डा थाना प्रभारी राहुल कुमार चौबे ने आग की लपटों के बीच जिस तरह से मासूम बच्ची की जान बचाई वह काबिले तारीफ है. बीते शुक्रवार की शाम थाना प्रभारी चौबे को यह सूचना मिली कि ग्राम सोनागुजी के चांदनी देवी के फूस घर में आग लग गई है और घर के अंदर एक महिला और दो बच्चे फंसे हुए है. सूचना मिलते ही थाना प्रभारी तत्काल अग्निशमन विभाग को खबर करते हुए घटनास्थल की ओर कूच कर गए. घटनास्थल पर पहुंचकर देखा कि गांव वालों ने एंबुलेंस को बुला लिया है और उसे पर महिला और एक बच्चे को अस्पताल भेजा जा रहा है. वहीं पर सूचना मिली कि एक चार वर्षीय बच्ची घर के अंदर ही फंसी हुई है. जिसके रोने की आवाज भी बाहर आ रही थी.

श्री चौबे ने बिना देर किए छलांग लगाते हुए आग की लपटों को पर घर में प्रवेश कर गए और जलते हुए चौकी के नीचे बेहोश पड़ी बच्ची को गोद में लिया और वापस उसी फुर्ती से बाहर दौड़ते हुए निकल गए. इस क्रम में बच्ची आंशिक रूप से जल चुकी थी. जख्मी बच्ची को थाना प्रभारी द्वारा तत्काल महागामा अस्पताल ले जाया गया. फिर वहां से गोड्डा रेफर कर दिया गया. अतिथि खराब होने की वजह से मां और दोनों बच्चों को धनबाद रेफर कर दिया गया. पर धनबाद ले जाने के क्रम में मां चांदनी देवी की मृत्यु हो गई.

बताया जाता है कि पूरा परिवार गरीबी की दलदल में फंसा हुआ है. कुछ दिन पहले ही अपनी कुछ जमीन बेचकर चांदनी देवी ने लगभग अस्सी हजार रुपया घर बनवाने के लिए रखे थे. आग लग जाने से वह पैसा भी जल गया. अब बच्चों के समक्ष विकट स्थिति उत्पन्न हो गई है. घटना की सूचना प्रशासन को मिलने के बाद प्रखंड प्रशासन की ओर कुछ अनाज मदद के तौर पर दिया गया है. सबसे बड़ी बात आवास से वंचित इस परिवार को अबतक लाभ नहीं मिल पाया था इसके लिए जिम्मेवार कौन है यह तय कर कार्रवाई किए जाने की आवायशकता है. जिस तरह से एक मासूम बच्ची की जान को बचा लिया गया. इसकी चर्चा हो रही है. अपने जान को दाव पर लगाकर दूसरे की जान बचाने वाले इस युवा अधिकारी की लोग काफी तरीफ कर रहे हैं.

### 'रन फॉर वोट' मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**जमुआ/गिरिडीह)।** उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय दुम्मा, प्रखंड जमुआ की ओर से रन फॉर वोट मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया.इस संबंध में प्रभारी प्राचार्य बिनोद कुमार ने कहा कि भारतीय चुनाव आयोग एवं जिला प्रशासन गिरिडीह की ओर से ज्यादा से ज्यादा मतदान सुनिश्चित करने के लिए रन फॉर वोट का आयोजन किया जा रहा है. इसी क्रम में आज विद्यालय परिसर से छात्र छात्राओं ने 'सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो' वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है' इत्यादि चुनावी स्लोगन लगाते हुए, मदनुटांड़, सोनानाचन, नावाडीह, दत्तकिची, पहाड़ी चौक दुम्मा होते हुए कुल चार किलोमीटर की पदयात्रा निकाली गयी. गावों, टोलों में मिलने वाले लोगों से मतदान करने की अपील की गई, विदित हो कि कोडरमा लोकसभा का चुनाव में आगामी 20 मई को मतदान होना है. रन फॉर वोट को सफल बनाने में सहायक अध्यापक सुशील कुमार, सुधीर कुमार, फूलमती कुमारी, स्थानीय बी एल ओ स्मिता वर्मा के साथ साथ छात्रा सुगंती कुमारी, अनुराधा वर्मा, चांदनी कुमारी, करिश्मा, अभिलाषा, प्रीति एवं छात्र कमलेश, विवेक, चन्दन कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

# शोषितों के हक और अधिकार के लिए संघर्ष करना यूनियन का उद्देश्य : डालोराम महतो

संवाददाता ।डुमरी /गिरिडीह



**खास बातें**

- लोगों को यूनियन की नीति सिद्धांतों की जानकारी दी गई
- पंचायतों में यूनियन की कमेटी गठन का निर्देश

डुमरी हिन्द मजदूर किसान यूनियन से जुड़े सदस्यों की एक बैठक शनिवार को रांगामाटी में हुई . इसकी अध्यक्षता चोलो महतो और संचालन यूनियन के अनुमंडल अध्यक्ष गंगाधर महतो ने किया. इस दौरान मुख्य अतिथि डालोराम महतो ने उपस्थित सदस्यों को यूनियन की नीति सिद्धांतों की जानकारी देते हुए डुमरी अनुमंडल के विभिन्न पंचायतों में यूनियन की कमेटी गठन करने का निर्देश दिया. साथ ही उन्होंने कहा कि बेरोजगारों, मजदूरों,किसानों तथा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े शोषितों के हक और अधिकार के लिए संघर्ष करना यूनियन का उद्देश्य है .

**यूनियन की भूमिका पर चर्चा :** इस दौरान प्रखंड के 15 पंचायतों में यूनियन की गठित कमेटी के उपस्थित पदाधिकारियों के साथ लोकसभा चुनाव में यूनियन की भागीदारी एवं भूमिका पर चर्चा की गई. कहा गया कि क्षेत्र में युवाओं के लिए रोजगार सृजन एवं क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की बात करने वाले को ही यूनियन समर्थन करने का काम करेगा. अनुमंडल अध्यक्ष गंगाधर महतो ने कहा कि आज जिस तरह हर विभागों में भ्रष्टाचार हावी हो गया है, उसपर अंकुश लगाने के लिए आमजनों को जागरूक होना होगा. साथ ही निर्वाचित होने वाले क्षेत्र के प्रतिनिधियों को गंभीरता दिखानी होगी.

**ये थे मौजूद :** बैठक में महेन्द्र बिन्द,शंकर महतो,सुभाष पंडित,मदन मोहली, राजेन्द्र मोहली,रवीन्द्र कुमार महतो, तेजलाल महतो, तेजनारायण महतो,जयलाल प्रसाद दास,राजु मोहली, घनश्याम सिंह,मनीर अंसारी, नुनुचन्द महतो, राजेन्द्र यादव,अजित ठाकुर, राजु मोहली, शाहीद अंसारी, ईश्वर महतो,गुलाम मुरतजा,जाफर अंसारी,सहबाज खान, नन्दकिशोर पंडित,करमचंद महतो,रेवतलाल महतो, कपिल ठाकुर,विजय मुर्मू, महावीर महतो,मोहन महतो, मेहंदी हसन, रूपलाल तुरी, बसंत विश्वकर्मा, बैजनाथ राय,मनीर अंसारी,विजय महतो उपस्थित थे .

### प्रेमी युगल ने नदी में कूदकर दे दी जान

**गोड्डा।** कच्ची उम्र में प्यार को परवान चढ़ते देर नहीं लगी, लेकिन अंजाम तक पहुंचने से पहले ही प्रेमी युगल ने मौत को गले लगा लिया. बताया जा रहा है कि घरवाले प्रेम की राह में रोड़ा बन गए थे. इससे नाराज प्रेमी-प्रेमिका ने आगे की जिंदगी जीने की इच्छा छोड़ नदी में जल से भरे कुंड में छलांग लगाकर प्राण त्याग दिए. घटना बीते शुक्रवार की देर शाम नगर थाना क्षेत्र के बढ़ौना गांव की है. प्रेमी युवक का गांव की ही लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा था. लड़की और उसका परिवार पहले बिहार में रहता था. हाल के दिनों में वह परिवार के साथ अपने गांव बढ़ौना आकार रह रही थी. शुक्रवार की शाम दोनों चकेश्वरी गांव के समीप कझिया नदी के किनारे पहुंचे और नदी में ही पानी से भरे गड्ढे में छलांग लगा दी. दोनों की डूबने से मौत हो गई. घटना की जानकारी मिलते ही वहां ग्रामीणों की भीड़ जुट गई. नगर थाना की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों को पानी से निकलवाकर अस्पताल भेजवाया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया. लड़के के पिता ने प्रेम संबंध के बारे में जानकारी नहीं होने की बात कही है. बेटे ने घर में कभी इसका जिक्र नहीं किया था. इस घटना से दोनों परिवारों में मातम छाया हुआ है.

**बोकारो**

### चुनावी दौरा कर जनता से समर्थन की अपील

# अनुपमा सिंह ने चास एवं चंदनकियारी में मांगा आशीर्वाद

संवाददाता ।बोकारो



महागठबंधन इंडिया के धनबाद लोकसभा प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने शनिवार को बोकारो जिले के चास एवं चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र के कई क्षेत्रों में जनसंपर्क एवं चुनावी दौरा कर जनता से समर्थन की अपील की. इस दौरान उन्होंने बोकारो कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं से मिलकर उनका बहुमूल्य वोट अपने पक्ष में करने की अपील की. अनुपमा सिंह ने कहा की मैं भी विधि स्नातक हूं और आपके परिवार की एक सदस्य हूं. इस अवसर पर इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने अधिवक्ताओं से अपील की कि अधिवक्ता परिवार की सदस्या विधि स्नातक और योग्य उम्मीदवार अनुपमा सिंह को वोट जीत दिलाएं, ताकि अधिवक्ताओं की समस्याओं को संसद में उठा सके. इस अवसर पर अधिवक्ता हरी प्रकाश सिंह, साकेत कुमार सिंह, उदय सिंह, संजय कुमार, आकाश टुडू, सोमनाथ शेखर,अतुल कुमार ,विजय कुमार, राम पद गोराई, अमर देव सिंह, दीपिका सिंह, संजीत सिंह, वंशिका सहाय, हसनैन आलम, ओम प्रकाश लाल, ज्योति प्रकाश चौधरी, विभा कुमारी, विनोद कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह, पंकज यादव, पंकज बंसल, संजय कुमार प्रसाद, नरेश महतो, प्रकाश शेखर, खुर्शीद आलम, आफताब आलम, अनीश अंसारी, रजी अहमद मौजूद थे.

### जनसंपर्क अभियान चलाया गया

इधर चंदनकियारी प्रखंड के बाटबिनोर, पर्वतपुर, बिरूबांध, भंडारीबांध, महाल ,अमलाबाद, बोदरो समेत कई गांवों में अनुपमा सिंह ने जनसंपर्क अभियान चलाकर जनता से समर्थन देने की अपील की. इस दौरान उन्होंने जनता को भरोसा दिलाया कि अगर उन्हें सेवक के रूप में चुनकर सेवा करने का मौका दिया तो उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगी. उन्होंने कहा कि बेहतर भविष्य के लिए इंडिया गठबंधन को समर्थन करें. कहा गया कि भाजपा जुमलेबाजों की पार्टी है. जनता को सब्जबाग दिखाकर सत्ता पर काबिज हुई. जनता कमरतोड़ मंहगाई से दबी है. बेरोजगारी चरमसीमा पर है. कांग्रेस के कार्यकाल में जब गैस सिलेंडर का दाम चार सौ हुआ था, तब भाजपा गला फाड़ चिल्ला रही थी. आज महंगाई पर केंद्र सरकार चुप बैठी है. मौके पर देवाशिष मंडल, जलेश्वर दास, सृष्टिधर रजवार, रामपद दास, प्रताप शेखर, मानिक रजवार, महेन्द्र बाउरी, महेश्वर रजवार, गौतम सिंह, सीमंत घोषाल, तपन दुबे समेत अन्य लोग मौजूद थे.

### सरिया बाघा में आग लगने से पेड़ झुलसे

**सरिया/ गिरिडीह।** सरिया प्रखंड के बीच बाजार स्थित बाघा चौक के समीप सड़क के किनारे अचानक आग लग जाने से आस पास के दुकानदारों और लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई. आग की लपटें इतनी ऊंची थी कि कोई समीप जाने की हिम्मत नहीं कर पा रहा था . लेकिन लोगों ने हिम्मत दिखाते हुए आस-पास के होटलों से पानी लाकर आग में डालने लगे. लोगों के कड़ी मशक्कत के बाद आग की लपटें कुछ कम हुई . तब तक आग ने कई सूखे पेड़ को अपनी चपेट में ले लिया .भाजपा युवा नेता सतीश मंडल ने बताया कि आग की सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंचकर नगर पंचायत को सूचना देने पर तत्काल मौके पर जेसीबी भेजकर अग्निशमन को सूचना भेज दी गई.

# डीसी ने पौधरोपण कर लोगों को मतदान के लिए किया प्रेरित

संवाददाता ।देवघर



देवघर जिला प्रशासन ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को शहर के सरस कुंज परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया. इसका उद्देश्य आम लोगों को स्वीप गतिविधियों से जोड़ना था. देवघर डीसी विशाल सागर ने फलदार पौधे लगाकर पर्यावरण की सुरक्षा और मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान करने का संदेश दिया. उन्होंने लोगों को एक-एक वोट का महत्व बताते हुए क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के दिन मतदान करने की अपील की. कहा कि जिन लोगों का नाम मतदाता सूची में नहीं है वे चार मई तक अपने क्षेत्र के बूथ पर फॉर्म छह भरकर अपना नाम जोड़वा सकते हैं. इसके साथ ही उन्होंने लोगों से अपने-अपने घरों के परिसर में एक पौधा लगाने की अपील की. मौके पर उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, डीईओ, बीडीओ, सीओ सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे.

